<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 18.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. झारखंड विधानसभा में गिरिडीह के घोड़थम्बा में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष का हंगामा, सरकार ने भाजपा पर लगाया साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप, प्रश्नकाल बाधित।
2. रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने जल संकट को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर साधा निशाना, कहा– राज्य में पेयजल योजनाओं का काम ठप।
3. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात, राज्य के विकास और कानून व्यवस्था की दी जानकारी।
4. चुनाव आयोग की आज दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक, आधार पहचान संख्या को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने पर होगी चर्चा, वोटर लिस्ट से फर्जी नाम हटाने पर रहेगा जोर।
5. राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का अंतिम चरण रांची में शुरु, आज शाम मेजबान झारखंड का मिजोरम से होगा मुकाबला।

*******************

होली के अवकाश के बाद झारखंड विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही आज शुरु होते ही होली के दौरान गिरिडीह जिले के घोड़थम्बा में हुई हिंसा को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इस कारण प्रश्नकाल बाधित हुआ। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा अध्यक्ष से प्रश्नकाल को स्थगित कर घोड़थम्बा हिंसा मामले पर चर्चा कराने की मांग की।

इस पर मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि घटना के बाद प्रशासन निष्पक्ष तरीके से पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने भाजपा पर साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप लगाया।

हंगामा कर रहे सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष ने समझाने का प्रयास किया लेकिन जब वे नहीं माने तो सदन की कार्यवाही दिन के 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरु होने पर प्रश्नकाल सुचारु रुप से संचालित हो रहा है।

*******************

इससे पहले सदन के बाहर भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि घोड़थम्बा हिंसा सरकार की विफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरुरत है।

भाजपा पर पलटवार करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा कि घोड़थम्बा की घटना को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है।

कांग्रेस विधायक ममता देवी ने कहा कि सरकार घटना की निष्पक्ष तरीके से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य में जल संकट को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि रांची सहित पूरे झारखंड में गर्मी दस्तक दे चुकी है। लेकिन पेयजल संकट से निपटने के लिए राज्य सरकार की तैयारी शून्य है। श्री सेठ ने कहा है कि जिस महीने में पानी उपलब्ध कराने की सारी तैयारी हो जानी चाहिए, उस महीने तक पेयजल विभाग सिर्फ दस प्रतिशत राशि खर्च कर पायी है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में पेयजल की योजनाएं ठप पड़ी हुई हैं।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास और विधि–व्यवस्था से संबंधित विभिन्न पहलुओं से श्री मोदी को अवगत कराया। मौके पर श्री गंगवार ने राज भवन, रांची द्वारा प्रकाशित श्राज भवन पत्रिकाश की प्रति प्रधानमंत्री को भेंट की।

गौरतलब है कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राज भवन, झारखण्ड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

******************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज नई दिल्ली में गृह मंत्रालय और विधि विभाग के सचिवों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में आधार पहचान संख्या को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने पर चर्चा होगी।

इस बीच निर्वाचन आयोग ने लंबे समय से चली आ रही चुनाव संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें अगले तीन महीनों के भीतर डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र के मुद्दे को हल करना और चुनाव एजेंटों को उनकी महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में प्रशिक्षण देने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, मतदान केंद्रों पर लंबी कतारों को कम करने के लिए निर्वाचन आयोग ने यह भी घोषणा की है कि भविष्य में किसी भी मतदान केंद्र पर एक हजार दो सौ से अधिक मतदाता नहीं होंगे।

******************

सरायकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

******************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड में आज प्रखंड स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निखत परवीन ने किया।
- जमशेदपुर में जुगसलाई पुलिस द्वारा सेना के एक जवान की पिटायी कर जेल भेजने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर पूर्व सैनिकों ने उपायुक्त से मुलाकात की। रांची से आये सेना के अधिकारियों ने एसएसपी से मामले की निषपक्ष जांच कराने को कहा है।
- राज्यभर में रामनवमी की तैयारी शुरु हो गयी है। इस सिलसिले में आज गुमला जिला मुख्यालय में केंद्रीय महावीर मंडल समिति एवं विभिन्न अखाड़ों के द्वारा झण्डा पूजा की गयी। आज पहली मंगलवारी का जुलूस निकाला जायेगा।

******************

मौसम विभाग ने रांची, लोहरदगा और सिंहभूम समेत राज्य के 12 जिलों में कल बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण 20 और 21 मार्च को ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की संभावना है।

******************

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024–25 का अंतिम चरण आज से रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुरू हो गया है। पहले मैच हॉकी हरियाणा ने एक के मुकाबले सात गोल से मणिपुर को पराजित कर दिया। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने भी हॉकी बंगाल को एक गोल से पराजित किया। दिन का आखिरी मैच हॉकी झारखंड और हॉकी मिजोरम के बीच शाम साढ़े छह बजे से खेला जायेगा।

****************